भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली 15 जनवरी, 2025

विषय: दिसंबर, 2024 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल के लिए सारांश (संख्या -12)।

दिसंबर, 2024 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलाप/आयोजन नीचे दिए गए हैं:-

1. **वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेन्टमेंट समिट (वेव्स):** दिनांक 29 दिसंबर, 2024 को 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि भारत वर्ष 2025 में पहली बार **वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेन्टमेंट समिट (वेव्स)** की मेज़बानी करेगा। वेव्स वैश्विक उद्योग जगत के लीडरों को नए अवसरों की खोज करने, चुनौतियों का समाधान करने और मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रभाव को बढ़ावा देने के लिए एकत्रित करेगा। माननीय प्रधानमंत्री ने भारत के मनोरंजन और रचनात्मक उद्योग को वैश्विक मंच पर भारत की रचनात्मक शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए वेव्स में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

2. भारत के राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन ने हॉकी को राष्ट्रव्यापी उत्सव में बदलने के लिए **आधिकारिक प्रसारण भागीदार के रूप में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के साथ साझेदारी की है**। यह ऐतिहासिक साझेदारी सभी हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए है, जिसमें पुरुषों की प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ महिला हॉकी इंडिया लीग का उद्घाटन सत्र भी शामिल है।

3. सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने रेडियो और टेलीविजन के माध्यम से वीर बाल दिवस, सुगम्य भारत अभियान, राष्ट्रीय युवा महोत्सव और पीएम विश्वकर्मा स्कीम जैसे कई विषयों पर व्यापक मीडिया अभियान चलाए। इसके अलावा, मंत्रालय ने स्वच्छ भारत मिशन, बैंकिंग सामाजिक सुरक्षा योजना, नशा मुक्त भारत, आयुष्मान भारत, महिला सशक्तिकरण, गंगा नदी की सफाई, मिशन लाइफ, विकसित भारत @2047, जनजातीय गौरव दिवस और एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसी राष्ट्रीय पहलों पर मीडिया आउटरीच कार्यक्रम भी आयोजित किए। इन अभियानों ने सरकार की विभिन्न स्कीमों/कार्यक्रमों के बारे में व्यापक प्रचार किया और जागरूकता पैदा की।

सी. सैंथिल राजन

(सी. सैंथिल राजन)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष # 23382597